हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

11 ऑरो स्कॉलरशिप विजेताओं का किया सम्मान




12 कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया और ज्ञापन सौंपकर...



## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। पुलिस आयुक्त का स्वागत करते दिनेश कौशिक व अन्य।

### पुलिस आयुक्त से मिले भाजपा नेता

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने वीरवार को पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री से शिष्टाचार भेंट की। भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, भीम सिंह प्रणामी, रमेश आर्य, विकास काजला, पंकज, विनोद, चंद्रपाल व सुखबीर ने पुलिस कमिश्नर का स्वागत व अभिनंदन किया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस घटना को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब देगी और पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित करेगी।

### शिक्षा विभाग ने फिर बढ़ाई एडमिशन की डेट

**बहादुरगढ़।** प्रदेश में आरटीई के तहत गरीब बच्चों के होने वाले एडमिशन के लिए डेट को बढ़ा दिया है। अब बच्चे एडमिशन के लिए 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए बीईओ शेर सिंह ने बताया कि इससे पहले भी शिक्षा विभाग द्वारा दो बार दाखिले की तिथि बढ़ाई जा चुकी है। पहले 14 अप्रैल थी, फिर विभाग ने बढ़ाकर 21 अप्रैल कर दिया था और अब 25 अप्रैल कर दिया है। ऑनलाइन फार्म भरने के बाद हार्ड कापी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराएं। जमा कराए गए दस्तावेजों का सत्यापन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। सत्यापन प्रक्रिया के बाद पुष्टि होने वाले या सही पाए गए आवेदनों की सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। बाद में लाटरी प्रक्रिया के तहत आवेदकों को स्कूल आवंटित किए जाएंगे।

### फसल की आवक व खरीदी हुई धीमी

**बहादुरगढ़।** इलाके की अनाज मंडियों में सरसों और गेहूं की आवक तथा खरीद बिलकुल धीमी हो गई है। वीरवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में सरसों की फसल के लिए मात्र तीन गेट पास कटे तथा कुल 39 क्विंटल फसल आई। जबकि 44 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। उठान 87 प्रतिशत हो चुका है। वहीं इस मंडी में गेहूं का एक भी गेट पास नहीं कटा और मात्र 17 क्विंटल खरीद हुई। जबकि आसौदा की मंडी में गेहूं की फसल के दस गेट पास कटे और 787 क्विंटल फसल आई। वीरवार को 487 क्विंटल सरकारी खरीद हुई।

### कॉलेज में चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** बालोर रोड स्थित राजकीय कॉलेज में चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सेक्टर 9 चौकी प्रभारी योगेश कुमार के अनुसार, राजकीय महाविद्यालय की प्रधानाचार्य ने शिकायत देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को कंप्यूटर लैब की जांच करने के बाद पता चला कि कंप्यूटर लैब से सामान चोरी हुआ है। इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी पकड़े गए हैं। आरोपियों की पहचान नवीन निवासी सिद्दीपुर तथा अनिल व सुरेंद्र निवासी आर्य नगर के रूप में हुई है। आरोपियों से 22 हजार 850 रुपये की नकदी बरामद की गई है। तीनों आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

## अब एमआईई पार्ट बी स्थित अवैध पीवीसी स्टॉक में लगी भीषण आग

# इलाके की फिजा को जहरीली बना रहे अवैध पीवीसी गोदाम

- 20 झुग्गियां, घरेलू सामान सहित काफी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप जलकर हुआ राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र के पार्ट-बी में स्थित अवैध पीवीसी स्क्रैप के स्टॉक में भीषण आग लग गई। आग से करीब 20 झुग्गियां, घरेलू सामान सहित काफी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप जलकर राख हो गया। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।

घटना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। आसमान में धुएं की काली घटा छा गई। देर शाम तक आग भड़की हुई थी। दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर थी। आग पूरी तरह से बुझ नहीं पाई थी।

### हवा के साथ फैलती गई आग

दरअसल, यहां एमआईई पार्ट बी में स्थित खाली क्षेत्र के काफी हिस्से में पीवीसी स्क्रैप का कबाड़ है। कई छोटे-बड़े गोदाम हैं और लगभग प्रवासी परिवारों की लगभग 20 झुग्गियां हैं। ये यहां पीवीसी व इंडस्ट्रियल वेस्ट इकट्ठा करते हैं। दोपहर को अचानक कबाड़ में आग सुलग गई। तेज धूप और हवा के चलते आग तेजी से फैलने लगी। आग देखकर झुग्गियों में मौजूद लोग तुरंत बाहर की तरफ भागे लेकिन झुग्गियों में मौजूद अपना सामान नहीं निकाल सके।

***फिजा में जहर घोल रहे:*** बता दें कि बहादुरगढ़ में जगह-जगह मौजूद ये अवैध पीवीसी मार्केट परेशानी का सबब बन गई हैं। आए दिन कहीं न कहीं आग लग जाती है और कई दिन तक बुझ नहीं पाती। इन पीवीसी गोदामों में बार बार लगती आग इलाके की फिजा में जहर घोल रही है। इस मामले में प्रशासन द्वारा बार बार कार्रवाई करने की बातें तो की जाती हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा।



बहादुरगढ़। पीवीसी कबाड़ में लगी आग से उठते धुएं के गुब्बार। फोटो : हरिभूमि

#### धमाके हुए, पेड़ भी जले

आसपास मौजूद कई पेड़ पौधे भी जल गए। कई धमाके भी हुए। प्लस्टिक वेस्ट इकट्ठा करने वाले लखेंद्र ने बताया कि वे कुछ दूरी पर छांव में बैठे थे कि तभी अचानक से कबाड़ में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची लेकिन बेहद कम संख्या में आई, जिस कारण आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका। आग से उनका राशन, घरेलू सामान आदि सब कुछ जल गया है। कुछ वाहन भी जले हैं। वहीं, दमकल अधिकारी रवींद्र ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। आग भीषण है, काबू पाने में वक्त लगेगा।

#### खाक हो गई 20 झुग्गियां

दमकल विभाग को सूचना दी गई। काफी देर बाद जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचती, आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी। देर शाम तक दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर थी। दूसरे क्षेत्र से भी मदद बुलाई गई। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। देर शाम तक आग बुझ नहीं सकी थी। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है लेकिन नुकसान काफी हुआ है। करीब 20 झुग्गियां जलने की बात सामने आई है।



बहादुरगढ़। आग बुझाने की कोशिश करते दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। खेतों में लगी आग के कारण जलते हुए फसल अवशेष।

## आगजनी की घटनाओं का सिलसिला जारी, 16 स्थानों पर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पिछले करीब दस दिनों से जिले भर के खेतों में हो रही आगजनी की घटनाओं का सिलसिला जारी है। वीरवार को भी जिले में 16 स्थानों पर लगी आग के कारण करीब 200 एकड़ में खड़े गेहूं की फसल के अवशेष व एक मोटरसाइकिल जलकर स्वाहा हो गए। ऐसे में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को भी काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दिन भर दमकल केंद्र पर आगजनी की घटनाओं की सूचना मिलती रही और कर्मचारी दमकल केंद्र की गाड़ी लेकर आग पर काबू पाने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहे। बता दें कि बीते शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई आगजनी की घटनाओं में किसानों की सैंकड़ों एकड़ फसल एवं फसल अवशेष आग की भेंट चढ़ गए थे। जहाजगढ़ गांव में रात को लगी आग ने जहां तीस से पैंतीस एकड़ में खड़े गेहूं के फाने व फसल जल कर स्वाहा गए। सूचना दिए जाने के करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के चलते रोषित ग्रामीणों ने जाम भी लगा दिया था।



झज्जर। खेतों में लगी आग से झुलसे हरे-भरे वृक्ष। फोटो : हरिभूमि

#### छोटी सी चिंगारी भी पकड़ रही आग

*फायर ऑफिसर बिजेंद्र डागर ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में छोटी सी चिंगारी भी आग पकड़ लेती है। इसलिए वाहन चालकों व राहगीरों को चाहिए वे सफर के दौरान जलती हुई तीली या बीड़ी-सिगरेट किनारे न डालें। गर्मी में चलती तेज हवाओं के कारण कई बार सड़क किनारे पड़ी जलती हुई तीली या बीड़ी-सिगरेट उछल कर खेतों में चली जाती है और फसल अवशेष आग पकड़ लेते हैं। इन आगजनी की घटनाओं में जहां किसानों के खेतों में पड़े चारे का नुकसान होता है वहीं कई बार सड़क किनारे खड़े हरे-भरे पेड़-पौधे भी झुलस जाते हैं।*



बहादुरगढ़। दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त छात्राओं के साथ मुख्यअतिथि व कॉलेज स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

## जसौरखेड़ी कॉलेज में छात्राओं को दी डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में दूसरे दीक्षांत समरोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को डिग्रियां वितरित की।

दीक्षांत समरोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय प्रभारी संदीप किराड ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए छात्राओं से उनका परिचय करवाया। मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमारी ने सभी डिग्री ग्रहण करने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल में स्नातक की डिग्री लेना बड़ी उपलब्धि है। साथ ही जीवन के संघर्षों मे यह डिग्री उनके लिए प्रकाश का काम करेगी। इसके बाद 2023-24 सत्र की छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। कॉलेज प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर आभार प्रकट किया गया। कॉलेज के स्टॉफ ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. सुनील कुमार ने दीक्षांत समारोह के दौरान मंच संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पूनम, डॉ. प्रियंका, डॉ. सुनैना, डॉ. सुनील, डॉ. अजय कुमार ने भी योगदान दिया।

### गेट तोड़कर मोटर शोरूम में चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में स्थित महेंद्रा के शोरूम में चोरी की वारदात हो गई। लोहे की तार काट तथा शीशे का गेट तोड़कर दो नकाबपोश बदमाश अंदर घुसे और नकदी लेकर चंपत हो गए। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कतलुपुर के निवासी सतेंद्र ने कहा है कि वह नूना माजरा स्थित लोहचब मोटर्स पर केयर टेकर है। बुधवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे कंपनी के गार्ड का फोन आया। उसने बताया कि शोरूम का शीशा टूटा हुआ है व गेट के ऊपर से लोहे की तार कटी हुई है। इसके बाद आठ बजे मैं मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। फुटेज चेक की तो रात करीब डेढ़ बजे वर्कशाप की तार काटकर दो संदिग्ध लोग अंदर आते नजर आए। फिर कुछ न मिलने पर लौट गए। इसके बाद दो बजकर पांच मिनट पर दो नकाबपोश बदमाश लोहे के तार काटकर शोरूम के गेट से कूदकर अंदर घुस आए। अंदर शीशे का गेट तोड़ दिया और अंदर सामान खंगाल डाला। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।



बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल में निरीक्षण करते डीजी डॉ. वीरेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

## डीजी हेल्थ ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव वीरवार को बहादुरगढ़ में पहुंचे। यहां उन्होंने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर सेवाएं परखीं। इस दौरान कुछ खामियां नजर आई, जिन्हें दूर करने के लिए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वीरवार की सुबह करीब दस बजे डीजी डॉ. वीरेंद्र यादव ने दस्तक दी। यहां उन्होंने नागरिक अस्पताल परिसर के कई वार्डों का निरीक्षण किया। इस कुछ जगहों पर रोशनी के पुख्ता बंदोबस्त न मिलने पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने साफ सफाई पर जोर दिया, डस्टबिन रखवाने, रोशनी के पर्याप्त बंदोबस्त करने, मरीजों को बेहतर इलाज देने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीएमओ डॉ. जयमाला, पीएमओ डॉ. मंजू कादियान सहित अस्पताल के तमाम डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। वहीं, दूसरी तरफ केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के लिए एक टीम भी अस्पताल में आई। टीम ने तमाम वार्डों में सेवाएं परखीं। इससे पूर्व अधिकारियों की सूचना मिलने पर अस्पताल प्रबंधन पहले से चौकस था। अन्य दिनों की अपेक्षा व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया था। बार-बार सफाई की जा रही थी तो स्ट्रेचर पर भी चद्दर आदी बिछाई गई थी। वहीं स्टाफ भी पूरी ड्रेस में नजर आया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मां, बेटा घायल

**बहादुरगढ़।** गांव शाहपुर में ट्रैक्टर और स्कूटी की टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटा बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की हालत गंभीर है। घायल पक्ष के बयान पर बादली थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घायल की पहचान नवीन और उसकी मां सुदेश के रूप में हुई है। गोयला कलां के निवासी नवनीत का कहना है कि गत 22 अप्रैल को वह अपनी मां के साथ स्कूटी पर सवार होकर बहादुरगढ़ जा रहा था। जब शाहपुर में तालाब के पास पहुंचे तो एक ट्रक ने साइड मार दी। इस वजह से हम गिर गए और काफी चोट आई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वहां से भाग गया। राहगीरों ने हमें संभाला और बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए। इसके बाद परिजन द्वारका स्थित अस्पताल में ले गए।

## दंपति की प्रताड़ना से तंग आकर लगाया फंदा, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर में रह रहे प्रवासी मूल के एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मौत के लिए परिजनों ने एक महिला और उसके पति को जिम्मेदार ठहराया है। फांसी लगाने से कुछ समय पहले ही दोनों आरोपी मृतक के घर झगड़ा करके गए थे। मामला रुपये के लेनदेन से जुड़ा बताया जा रहा है। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय गौरव के रूप में हुई है। गौरव मूलतः उत्तर प्रदेश से था और पिछले करीब 15 साल से यहां बसंत विहार में रह रहा था। कचौड़ी बेचने का व्यवसाय करता था। बताते हैं कि बुधवार की रात को वह अपने घर पर था। इसी दौरान एक महिला अपने पति के साथ आई और विवाद हो गया। विवाद को देखते हुए गौरव ने अपनी पत्नी और बच्चों को बाहर भेज दिया। कुछ देर बाद जब परिजन वापस आए तो गौरव फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने तुरंत उसको संभाला लेकिन उसकी सांस थम चुकी थी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वीरवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। गौरव तीन बच्चों का पिता था। परिजनों का कहना है कि गौरव को आरोपी महिला व उसके पति द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा था। ब्लैकमेल कर पैसों की डिमांड की जा रही थी। बुधवार की रात को भी मारपीट की गई। इसी प्रताड़ना से तंग आकर गौरव ने यह कदम उठा लिया। पत्नी अंशु की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की असल हकीकत तफ्तीश का विषय है।

## अब खानपान की सूची से बाहर होते जा रहे बुजुर्गों के पसंदीदा व्यंजन

# शहर में लगने लगी धानी व सत्तू की स्टॉल, बढ़ने लगी डिमांड

- बीते जमाने में धानी व सत्तू बनवाने के लिए लगती थी लोगों की भीड़
- जाति विशेष के लोगों द्वारा गांव-गांव जाकर लगाया जाता था भाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आज की युवा पीढ़ी भले ही चाऊमिन, डोसा, बर्गर, पिज्जा, फिंगर चिप्स की दीवानी हो, लेकिन पुराने खान-पान के आगे ये व्यंजन कहीं भी फिट नहीं बैठते। सेहत और स्वास्थ्य के मामले में पौराणिक व्यंजनों में शुमार बाजरे की रोटी, चने का हरा साग, कचरी की सब्जी, गुड़-धानी और धानी से बनाए गए सत्तू के सामने ये फास्ट फूड आज भी फीके नजर आते हैं।

पहले के जमाने में गर्मियों में चलने वाली लू से बचाने के लिए सत्तू रामबाण का काम करता था। लोग इसका उपयोग शर्बत बनाकर या शिंकजी की तरह करते थे जो आजकल के ग्लूकोन-डी से बेहतर फायदा शरीर को पहुंचाता था। बदलते परिवेश में अब सत्तू व धानी खान-पान की सूची से बाहर होते जा रहे हैं। पहले जहां गर्मियों के दिनों में जौ से बनी हुई धानी व सत्तू का उपयोग घर-घर में होता था वहीं अब यह केवल बुजुर्गों के कहने या शौकिया तौर पर ही घरों में लाया जाता है। यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि शीतल पेय के रूप में प्रयोग किया जाने वाला सत्तू अब केवल घर के बुजुर्गों द्वारा ही इस्तेमाल किया जाता है तथा गुड़ और धानी तो चखने तक ही सीमित रह गए हैं।



झज्जर। पुराना बस स्टैंड के पीछे लगी सत्तू व धानी की स्टॉल। फोटो : हरिभूमि

#### पुराना बस स्टैंड के पीछे आज भी लगती है सत्तू और धानी की स्टाल

शहर के पुराने बस स्टैंड की पीछे रहने वाले लोगों द्वारा वर्तमान में भी सत्तू व धानी की बानगी अपनी स्टॉलों पर लगाई जाती है। स्टॉल लगाने वाली महिला चंद्रकांता, राज व विक्रेता रामकुमार आदि ने बताया कि आस-पास के क्षेत्र में उनकी स्टॉलों पर ही धानी व सत्तू मिलता है। उन्होंने बताया कि पहले के दिनों में उनके अभिभावक दूर दराज के गांवों में भाड़ लगाकर स्पेशल धानी भूनने के लिए जाया करते थे। आजकल सत्तू व धानी की बिक्री इतनी नहीं है। शहर के कुछेक लोगों के अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद व दिल्ली आदि क्षेत्र से भी लोग सत्तू व धानी की खरीददारी करने के लिए यहां आते हैं। चंद्रकांता ने बताया कि उनके यहां जौ का सत्तू एक सौ रुपये प्रति किलोग्राम तथा चने से बना सत्तू 120 रुपये प्रतिकिलो की दर से बेचा जा रहा है। इसके अलावा घाट सत्तर रुपये प्रतिकिलो व धानी एक सौ रुपये प्रतिकिलो दी जा रही है।

#### धानी भुनवाने के लिए एक दिन पहले भिगो कर रखते थे जौ

अपनी उम्र के आठ दशक पार कर चुके बुजुर्ग दंपत्ति मांगेराम नंदा व बंसती देवी बताते हैं कि साठ बरस पहले का हमें वो नजारा आज तक है याद है जब हम धानी भुनवाने के लिए एक दिन पहले ही जौ को भिगो कर रख देते थे। फिर उसे सुखाया जाता था। उसके बाद जौ की धानी भुनवाने के लिए भाड़ पर जाया करते थे और वहां धानी बनवाने के लिए लगी भीड़ में अपनी बारी आने का इंतजार करते थे। उस समय का आलम यह था कि सुबह-सवेरे जाने पर भी उनका नंबर दोपहर तक आता था। फिर भुनी हुई धानी को घर लाकर उसे गुड़ के साथ खाते थे जो बड़ी ही स्वादिष्ट लगती थी। ऐसा ही कुछ हाल सत्तू का भी था। पहले अधिकांश घरों में बिजली नहीं थी और जेठ के माह में गर्मी भी बहुत लगती थी। ऐसे में गुड़ का घोल तैयार करने के बाद उसमें सत्तू मिलाकर शर्बत बनाया जाता था। परिवार के सभी सदस्य बड़े चाव से सत्तू का शर्बत पीते थे। कुछ अमीर घरों में सत्तू के शर्बत में खांड व बूरा का इस्तेमाल भी किया जाता था। उन्होंने बताया कि वैसे तो सत्तू व धानी सभी की पंसदीदा थी।

#### लू की चपेट से बचाता है सत्तू

बेशक सत्तू का चलन आजकल नामात्र है लेकिन यह होता बड़ा फायदेमंद हैं। जानकारों के अनुसार सत्तू का सेवन जहां गर्मी के दुष्प्रभाव व लू की चपेट से बचाता है वहीं इसका शर्बत पीने के बाद लंबे समय तक भूख का एहसास नहीं रहता। प्रोटीन का बेहतर स्रोत होने के कारण यह एसिडिटी आदि को भी ठीक करता है और लीवर को मजबूत बनाने में सहायक है। सत्तू में कई पौषक तत्व होने के कारण यह शरीर को तुरंत उर्जा देता है। इसके अलावा गर्मियों के दिनों में नियमित सत्तू पीने से मोटापे से भी छुटकारा मिलता है।

### नाना, दोहतों के शवों का हुआ पोस्टमार्टम

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में टोल के पास हादसे का शिकार हुए नाना व उनके दोनों दोहतों के शवों का वीरवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। इस घटना के बाद से परिजन आहत हैं। वहीं, पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है। हादसा बुधवार की दोपहर बाद हुआ था। दरअसल, छारा का निवासी भीम सिंह अपने दोनों दोहतों टिंकू व हन्नी को बाइक पर बैठाकर सांपला की ओर ले जा रहा था। जब छारा टोल के पास पहुंचे तो ईंटों से लोड ट्रैक्टर डंपर ने उनको कुचल दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के बयान के बाद वीरवार को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद गमगीन माहौल में तीनों को अंतिम विदाई दी गई। हादसे के बाद से परिजन व ग्रामीण आहत हैं। मांडोठी चौकी से जांच अधिकारी अमित कुमार का कहना है कि शवों का पोस्टमार्टम करा दिया है। इस संबंध में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

# आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल



### 5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

**जापान की** टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

### मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

**चीन के** शंघाई शहर में हुआंगपू नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइंग सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया



टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन में घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

### पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका



**बच्चो, एक** ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

### फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

**बच्चो, अगर** तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्यूशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *



### दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

**अमेरिका के** वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती



थीं, जो कार्बोनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गईं। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

### पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन



**जिस तरह** जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

### अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा



**बच्चो, जिस** तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकाड्र्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *



**किताब:** भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका:** अनुपमा गोरे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें

1
नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2
खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3
एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

## जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-150 का उत्तर :** 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

**जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले :** राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

# स्वप्निल का सपना



स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'




## छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर : 1.सबसे आगे बैठे डॉग की पूंछ मुड़ी हुई है। 2.बाईं तरफ आगे खड़े डॉग का एक अगला पैर मुड़ा हुआ नहीं है, चारों पैर जमीन पर टिके हैं। 3.बाईं तरफ पीछे बैठे डॉग के सिर से लेकर आंख तक का एक हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 4.पीछे दौड़ रहे डॉग की नाक का अगला हिस्सा अलग तरह का है। 5.चित्र में पीछे दाईं तरफ सूरज चमक रहा है। 6.दाईं तरफ पीछे बैठे डॉग की जीभ अंदर है। 7.दाईं तरफ आगे बैठे डॉग का एक कान नहीं दिख रहा है।

## एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।



## खबर संक्षेप

### 90 बच्चों को दिलाया स्कूलों में दाखिला

झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरियाणा राज्य अपराध शाखा, जिला शिक्षा विभाग व एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा शिक्षा का हक अभियान चलाया जा रहा है।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता चंद्रवीर फौगाट, कर्मजीत,मानव तस्करी विरोधी इकाई झज्जर के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अमित ढाका, शिक्षा विभाग, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के सहयोग से पहली अप्रैल से अब तक 90 बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करवाई जाती है।

### पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

झज्जर। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक होनी चाहिए। जिनको वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरीतोए में कार्यक्रम आयोजित

# ऑरो स्कॉलरशिप विजेताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले के राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए चलाए जा रहे ऑरो स्कॉलरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरीतोए में ऑरो स्कोलरशिप विजेताओं को सम्मानित किया गया। एमईटी एवं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्वयंसेवी संस्था श्रीअंरविदो सोसायटी के सहयोग से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना उपस्थित रहे जबकि वशिष्ठ अतिथि के रूप में रिलायंस से सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण तथा श्रीअंरविदो सोसायटी से मुख्य परिचालन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने शिरकत की। इस दौरान श्रीअंरविदो सोसायटी की ओर विकास एवं जतिन ने ऑरो माइक्रो स्कोलरशिप कार्यक्रम के संबंध में अध्यापकों तथा विद्यार्थियों को जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने बताया कि ऑरो स्कोलरशिप के माध्यम से पहली से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी प्रतिमाह 20 टेस्ट देकर कम से कम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रतिमाह एक हजार रुपये की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिले के 18 राजकीय विद्यालयों के 50 से अधिक ऑरो स्कोलरशिप विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि तथा विशेष अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



झज्जर। ऑरो स्कॉलरशिप विजेताओं के साथ मंच पर उपस्थित डीईओ राजेश खन्ना व रिलायंस अधिकारी कर्नल रोमेल राज्याण।

### कार्यक्रम की सराहना

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने रिलायंस एमईटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए बताया कि ऑरो कार्यक्रम से बच्चों को अपनी दैनिक जीवन में की जाने वाली पढ़ाई में सहयोग मिला तथा उनका सामान्य ज्ञान भी बढ़ा है। उन्होंने बच्चों को सुझाव दिया कि आप सभी को दैनिक समाचार पत्र का संपादकीय पेज जरूर पढ़ना चाहिए। कर्नल रोमेल राज्याण ने बताया कि जिले के 250 विद्यालयों में कार्यक्रम का संचालन हुआ है तथा 2 लाख रुपये की स्कॉलरशिप दी जा चुकी है। मौके पर प्राचार्य डॉ. राजेंद्र, बाढ़सा विद्यालय से कविता, दुजाना से सहजो देवी, सिलानी से रेखा, लोहट से जोगेन्द्र, नगंला से जितेन्द्र, सौंधी से राजेश, दादरीतोए से रोहताश, सुर्खपुर से सुरेन्द्र, श्री अंरविदो सोसायटी से विशाल सिंह तथा रिलायंस की ओर से नीलम सिंह, लोकेश कापसे, अक्षय धनखड़, राजकुमार उपस्थित रहे।


झज्जर। अध्यापिका के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा आयोजित हिंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट में अपना स्थान बनाया है। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा 14 सितंबर 2024 को आयोजित हरियाणा गौरव पुरस्कार परीक्षा में गोल्ड मेडल हासिल किया है। प्रतियोगिता में दिव्यांशी, निमिता, रजनी, हिमानी, अमरजीत, आयुष, करुणा, लव्या, कनिका, ईशा, दीक्षा, ऋषभ, भव्य, स्नेह ने मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त किए जबकि छात्रा उर्वशी, कशीश, मोहनी ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कर गोल्ड मेडल लिया। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया,जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया व स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाली अध्यापिका पूनम गुलिया, सुदेश, प्रीति शर्मा की भी सराहना की। इस मौके पर स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, म्यूजिक टीचर जितेंद्र, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। समाधान शिविर में जन सुनवाई करते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

झज्जर। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी प्रदीप दहिया ने नागरिकों की शिकायतें सुनी और मौके पर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निपटारा करने के आदेश दिए। समाधान शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा शिकायतों का जल्द निपटारा किया जाए। सरकार द्वारा एक छत के नीचे नागरिकों की शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## आनंद आश्रम में आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

*उमा शंकर वर्मा ने जग में सुंदर है दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम, बोलो राम राम.., रजनीश हरित ने भिखारी सारी दुनिया दाता एक राम देने वाले मेरे राम... भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव -भिोर किया*

■ बाबा गोपालदास महाराज की पुण्यतिथि पर हुआ सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कोसली रोड स्थित आनंद आश्रम में बाबा गोपालदास महाराज की पुण्यतिथि पर सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान आस-पास के क्षेत्र के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के महंत अजय दास महाराज ने बताया कि भंडारे का आयोजन करना, सेवा और दान करने का बड़ा महत्व है। इसे पुण्य कार्य माना जाता हैं। मंदिर से जुड़े श्रद्धालु अमित ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में आश्रम के महंत अजयदास महाराज के सानिध्य में सुबह पूर्णाहुति हवन यज्ञ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर घर परिवार व सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने बताया कि गोपालदास महाराज सहित आश्रम में विराजमान सभी संत महात्माओं की प्रतिमाओं को भोग लगाकर भंडारे की शुरूआत की गई। भंडारे की पूर्व रात्रि आश्रम में सत्संग का आयोजन भी किया गया। जिसमें रजनीश हरित, उमा शंकर वर्मा, शक्ति सैनी सहित अनेक गायक कलाकारों द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। उमा शंकर वर्मा ने जग में सुंदर है दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम, बोलो राम राम.., रजनीश हरित ने भिखारी सारी दुनिया दाता एक राम देने वाले मेरे राम... भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया।


झज्जर। आनंद आश्रम में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

### पशु- पक्षियों के लिए करें पानी की व्यवस्था

महंत अजय दास महाराज ने कहा कि गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी की व्यवस्था कर लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। गर्मी के मौसम में घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पक्षियों के लिए दाना, पानी जरूर रखना चाहिए ताकि उन बेजुबान पक्षियों को भी दाना-पानी मिल सके।

# जिला पुलिस आयुक्त ने जेल से बाहर आए प्रत्येक अपराधी की गतिविधि पर नजर रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं अपराध झज्जर डीसीपी जसलीन कौर, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध झज्जर, बहादुरगढ़ एवं बेरी, तीनों सीआईए, स्पेशल स्टॉफ, एंटी नारकोटिक्स सेल झज्जर एवं एवीटी स्टॉफ की मीटिंग लेकर अपराध की रोकथाम करने, अपराधियों की धरपकड़ करने, लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटारा करने, जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने मादक पदार्थ, अवैध हथियारों, अवैध शराब की तस्करी करने वालों को पकड़ने, जेल से बाहर आए पुराने अपराधियों की प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी नजर रखने, आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित व्यक्तियों पर लगाम कसने के लिए हर संभव सख्त कदम उठाते हुए आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं विशेष अभियान चलाकर वांछित, अति वांछित एवं मोस्ट वांटेड अपराधियों की शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तारी करने बारे में भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्पेशल अभियान चलाकर मोस्टवांटेड, पीओ, बेलजंपर तथा उद्घोषित अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने बारे निर्देश भी दिए।


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह।

# नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजस्थान के कोटा में आयोजित जूनियर नेशनल रेसलिंग ग्रीको रोमन चैंपियनशिप में राजकीय महाविद्यालय दुजाना के छात्र वरुण ने कांस्य पदक हासिल करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि वरुण ने यह पदक 63 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए प्राप्त किया।

इससे उसने बीते दिनों हिसार के उमरा गांव में आयोजित स्टेट रेसलिंग ग्रीको रोमन टूर्नामेंट में भी गोल्ड मेडल जीता था। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार, नसीब सिंह, डॉक्टर सीमा कुंडू, डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर रवि प्रकाश, डॉक्टर नरेश कुमार, निधि बाई आदि स्टाफ सदस्यों ने खिलाड़ी वरुण को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। होनहार छात्र को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य।

# संस्कारम विश्वविद्यालय और साहस सोसायटी के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय ने अपने शैक्षिक और अनुसंधान क्षेत्रों को विस्तार देने के उद्देश्य से सोसायटी फॉर द एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चर, होर्टिकल्चर एंड अलाईड साइंस के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों और शोध के अवसर प्रदान करना, साथ ही विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों में सहयोग को प्रोत्साहन देना है। इससे कृषि शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना और विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान में सशक्त बनाना है। एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों को रिसर्च प्रोजेक्ट्स, उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों के साथ नॉलेज शेयरिंग और फील्ड वर्क के अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह समझौता हमारे विद्यार्थियों और कृषि क्षेत्र दोनों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस समझौते के अंतर्गत संयुक्त शोध परियोजनाएं, विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषि नवाचार केंद्रों की स्थापना, कार्यशालाएं और विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन शामिल हैं।



झज्जर। साइन किया एमओयू दिखाते हुए संस्कारम विश्वविद्यालय व साहस सोसायटी प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### वूमेन आईटीआई में हुई भाषण प्रतियोगिता

बहादुरगढ़। राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने गांव के विकास, लोकतंत्र की नींव, पंचायती राज के महत्व, गांव के विकास में पढ़ी लिखी पंचायतों की भूमिका आदि विषयों पर अपने विचार रखे।

लोवा खुर्द के युवा स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने नरेश कुमार की अगुवाई में छात्राओं को सामाजिक जन भागीदारी बढ़ाने व गांवों के विकास में युवा पीढ़ी के योगदान की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्थान की मुखिया मायामंती और स्टाफ सदस्यों ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।


बहादुरगढ़। आदित्य विक्रम अग्रवाल को सम्मानित करते पूर्व विधायक राजेंद्र जून।

## पूर्व विधायक ने किया आदित्य को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 9वां रैंक हासिल करने वाले आदित्य विक्रम अग्रवाल को सम्मानित किया। जून ने आदित्य के माता-पिता व सभी परिजनों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब आदित्य भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी के रूप में राष्ट्र की सेवा करने के साथ आमजन की सेवा कर बहादुरगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

### *गाड़ी की टक्कर लगने से महिला घायल*

रेवाड़ी। शहर की टीपी स्कीम कॉलोनी में एक तेज गाड़ी ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिससे महिला को काफी चोटें आई। शहर के आनंद नगर में किरायेदार पुष्पा सिंह ने सिटी थाना पुलिस को बताया कि वह कंपनी में काम करती है। गत 23 अप्रैल वह अपने पति इन्द्रेश सिंह के साथ स्कूटी पर टीपी स्कीम मार्केट जा रही थी, जब वे मार्केट के कट पर पहुंचे तो एक गाड़ी ने स्कूटी को साईड से टक्कर मार दी।

सूचना

मैं, श्रीमति शोभा देवी पत्नी श्री राम जी राम रावत निवासी मकान नंबर 2/66, पटेल पार्क, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र शंकर व पुत्रवधु काजल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कम्यूनिकेशन स्किल्स की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

चौधरी रणबीर सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वीरवार को एक्सपर्ट टॉक सीरीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अनुपमा यादव ने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल्स विषय पर विस्तृतपूर्वक जानकारी दी।

इसी कड़ी में भारतीय मानक ब्यूरो, मिनिस्ट्री ऑफ कंस्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन, फरीदाबाद से डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर रोहित रेड्डी एवं प्रमोशन ऑफिसर बीआईएस फरीदाबाद गौरव कुमार द्वारा एजुकेशनल यूटिलाइजेशन ऑफ स्टैंडर्ड विषय पर व्याख्यान दिया गया। संस्थान के डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर रवीन आहूजा की तरफ से रजिस्ट्रार राजेश यादव, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफ़िसर डॉक्टर कुलवंत खरब, पिंकी, सुमन आदि स्टाफ सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर विशेषज्ञों का आभार जताया।


झज्जर। एक्सपर्ट टॉक सीरीज के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं विषय विशेषज्ञ।

# इंडो अमेरिकन के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि उनके स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा ईशा व गरिमा चाहार ने जहां गोल्ड मेडल हासिल करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया वहीं पांचवीं कक्षा से अवनी व चौथी कक्षा से राघव ने भी गोल्ड मेडल जीतकर अपने गुरुजनों का मान बढ़ाया है।

इनके अलावा छात्रा यक्षिता, भूमि, तनिष्का, राशि, आयुष व भावेश भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए सर्टिफिकेट के हकदार बने हैं। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक अध्ययन ओलंपियाड एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है जो छात्रों को सामाजिक अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर देती है। उन्होंने सभी विजेताओं को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़
नोटिस आम जनता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विनोद कुमार खुराना (पुत्र), सुनील खुराना (पुत्र), विजय कुमार (पुत्र), संतोष नारंग (पुत्री), उषा रानी सतीजा (पुत्री), कांता रानी (पुत्री), कांता देवी (पुत्रवधु), सुकेश खुराना (पौत्र), संदीप खुराना (पौत्र), मनोज खुराना (पौत्र), मंजू टुटेजा (पौत्री) S/o लखमी दास पुत्र श्री मारी राम निवासी 5 बिसवा, जटवाड़ा मौहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BJPM9E1 Ward No. 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज वर्ग गज 151 से 151 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0185078339 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नम्बर 3BJPM9E1 वार्ड नंबर 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह सम्पति 3BJPM9E1/151 वर्ग गज उपरोक्त प्रार्थियों के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप

### जिला कारागार में आज लगेगा जांच शिविर

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 25 और 28 अप्रैल को जिला कारागार में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि 25 अप्रैल को आयुष विभाग और 28 को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

### ट्रक ने मारी गाड़ी को टक्कर, मामला दर्ज

**झज्जर।** बेरी क्षेत्र में मसूदपुर मार्ग पर ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। पुलिस को दी शिकायत में रोहतक जिले के मसूदपुर गांव निवासी यज्ञदत ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में ड्राइवर के पद पर कार्य करता है। जब वह गाड़ी की वाशिंग कराने के लिए बेरी जा रहा था तो उसके गांव से विकास, ललित, प्रियांशी व पूनम भी बेरी जाने के लिए गाड़ी में बैठ लिए। बीच रास्ते एक फैक्ट्री के नजदीक उनके आगे चल रहे ट्रक के चालक ने बगैर किसी सिग्नल के अचानक ट्रक फैक्ट्री की तरफ मोड़ दिया जिस कारण उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### मानसिक रूप से पीड़ित युवक लापता, केस दर्ज

**झज्जर।** शहर के आर्य नगर में रहने वाला एक युवक परिवार के सदस्यों को बगैर कुछ बताए कहीं चला गया। जब परिजनों द्वारा अपने स्तर पर तलाशने पर सफलता हासिल नहीं हुई तो उन्होंने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आर्य नगर निवासी साहब कौर ने बताया कि उसका पुत्र विक्रांत मानसिक रोग से पीड़ित है जिसका इलाज रोहतक के पीजीआई में चल रहा है। वह बीती बीस अप्रैल की दोपहर करीब एक बजे बगैर किसी को बताए घर से चला गया। उन्होंने भी विक्रांत की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

## पहलगांव में हुए हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

# कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया और ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग




बहादुरगढ़। कैंडल मार्च निकालते अशोक राठी व ग्रामीण और आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते स्वर्णकार। फोटो: हरिभूमि

### यह हमला न सिर्फ इंसानियत को शर्मसार करने वाला है, बल्कि देश की अखंडता और शांति पर भी प्रहार : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से बहादुरगढ़ के नागिरकों में भी रोष व्याप्त है। देश विरोधी घटना के विरोध में कहीं कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया तो कहीं ज्ञापन सौंपकर आतंकियों के विरुध निर्णायक कार्रवाई की मांग की गई।

अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी, स्वर्णकार संघ और सरपंच एसोसिएशन ने कैंडल मार्च निकालकर हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। अधिवक्ता परिषद ने ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। वीरवार शाम को अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी ने सिटी मेट्रो स्टेशन से लेकर शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा ने कहा कि आतंकवादियों की कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमला न सिर्फ इंसानियत को शर्मसार करने वाला है, बल्कि देश की अखंडता और शांति पर भी प्रहार है। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार इस जघन्य कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देगी। दोषियों को उनके अपराध की सजा जरूर मिलेगी। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने ग्रामीणों के साथ दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस घटना ने हर नागरिक को झकझोर दिया है। सभी ने पीएम पर भरोसा जताया कि वे उचित कदम उठाएंगे।

#### भारत की आत्मा पर हमला

स्वर्णकार संघ द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में पवन वर्मा, दीपक वर्मा, अनिल वर्मा, नरेंद्र राठी, बजरंग सोनी व ओमप्रकाश आदि ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने अमन और मानवता को निशाना बनाया है।

यह कश्मीर की शांति के दुश्मनों का घिनौना चेहरा उजागर करता है। हमले के पीछे शामिल हर आतंकी और उनके मददगारों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हरियाणा अधिवक्ता परिषद की बहादुरगढ़ इकाई ने अध्यक्ष स्वतंत्र धाकरे की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सोंप सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता स्वतंत्र प्रताप धाकरे, कपिल देव, मनोज राठी, घनश्याम राठी, मंजीत काजला, संदीप कौशिक, संदीप मलिक, राकेश चंद्र, संजय फंडन, राज शेखर, रवींद्र यादव, हितेष कौशिक व नवीन टांक आदि ने कहा कि यह भारत की आत्मा पर हमला है। उन्होंने सरकार से आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।



झज्जर। कैंडल मार्च के दौरान अंबेडकर चौक पर उपस्थित रिटायर्ड कर्मचारी व अन्य संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि

### मानवीय मूल्यों को बचाने के लिए कट्टरता का मुंहतोड़ जवाब दें: जाखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने निकाला कैंडल मार्च

पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न कर्मचारी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर वीरवार की शाम शहर के भगतसिंह चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान मौन धारण किए हुए लोगों के दिल और दिमाग में मानवता के दुश्मनों के प्रति आक्रोश था। बेकसूर मारे गए पर्यटकों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि मानवता की दुश्मन कट्टरता है।

अब समय आ गया है कि मानवीय मूल्यों को बचाने के लिए कट्टरता का मुंह तोड़ जवाब दिया जाए। रिटायर्ड कर्मचारी संघ सहित सभी संगठन देश हुए कायराना हमले की निंदा करते हैं तथा पूर्व की भांति देश में शांति और भाईचारा कायम रखने के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। इस कैंडल मार्च में प्रधान रमेश जाखड़, सचिव राजबीर राहर, यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, कोषाध्यक्ष विष्णु जांगड़ा, रिटायर्ड प्राचार्य राजबीर दहिया, मुख्याध्यापक रमेश, नरेश कुमार, राजेंद्र खेड़ा, कैप्टन सतबीर बड़क, सतबीर, सूबेदार रमेश फौगाट, राजेंद्र जून, मास्टर बिजेंद्र, सतीश जांगड़ा, मुकेश शर्मा, जयप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता बंसल ने आंतकी हमले पर जताया दुख



**झज्जर।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भाजपा नेता मनीष बंसल ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मनीष बंसल ने कहा कि सरकार पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को मुंहतोड़ जवाब देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार हमले का मुकाबला करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए भयावह आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि हमले में मारे गए लोगों के प्रति मेरी संवेदना है। बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा। केंद्र सरकार इस मामले को लेकर एक्शन में है। आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है आतंकियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।



बहादुरगढ़। आदित्य विक्रम अग्रवाल को बधाई देती चेयरपर्सन सरोज राठी।

### चेयरपर्सन ने आदित्य और अभिलाष का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीण करने वाले आदित्य विक्रम अग्रवाल व अभिलाष सुंदरम का वीरवार को सम्मान किया।

#### मन लगाकर पढ़ाई करें

दोनों के निवास पहुंचकर उन्हें परिजनों के साथ बधाई दी और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सरोज राठी ने कहा कि शहर के अन्य युवाओं को भी इन दोनों से प्रेरणा लेते हुए मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और फिर उस लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत करें। इस अवसर पर पार्षद ज्योति रोहिल्ला व पवन रोहिल्ला मौजूद रहे।

### ऑटो, ई-रिक्शा में अकेले सफर करना अब सुरक्षित नहीं

■ रिक्शा चालक ने युवती के साथ चाकू के बल पर की छीना झपटी

**बहादुरगढ़।** ऑटो, ई-रिक्शा में अकेले सफर करना अब सुरक्षित नहीं रहा। बहादुरगढ़ में लगातार ऑटो, ई-रिक्शा की आड़ में बदमाशों द्वारा वारदात की जा रही हैं। अब यहां ओमेक्स से सैनीपुरा के लिए रिक्शा में बैठी युवती के साथ वारदात हो गई। बालोर में चाकू के बल पर उससे टैब और हजारों रुपये छीन लिए गए। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात अंजू के साथ हुई है। अंजू मूलतः उत्तर प्रदेश के बरेली से हैं और यहां सैनीपुरा में रहती है। अंजू का कहना है कि गत 22 अप्रैल को वह ओमेक्स से सैनीपुरा जाने के लिए ई रिक्शा में सवार हुई थी। रिक्शा पर लगे स्टीकर में चालक का नाम मोहित व उसका मोबाइल नंबर लिखा था। रिक्शा चालक ओमेक्स से पटेल नगर होते हुए बालोर गांव के खेत में ले गया। रात करीब 9 बजे बालोर में पहुंचने पर उसने मुझे चाकू दिखाकर टैब तथा दस हजार 700 रुपये छीन लिए। इसके बाद वहां से भाग गया। फिर मैंने 112 पर कॉल की। सूचना पाकर पुलिस मौके पर आई और जांच शुरू की। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले में कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बता दें कि कुछ दिन पहले भी नयागांव बाईपास चौक के निकट ऑटो चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर सवारी से लूटपाट की थी। हालांकि वह वारदात पुलिस सुलझा चुकी है।



### पुलिस आयुक्त से मिले वर्मा

**बहादुरगढ़।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने नवनियुक्त पुलिस कमीशनर डा. राजश्री से शिष्टाचार मुलाकात की। नगर परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब यहां अपराध में कमी आएगी। लोगों की सुनवाई होगी और उन्हें न्याय मिलेगा। अपराधियों के खिलाफ नई पुलिस कमिश्नर सख्ती से निपटेंगी। अब महिलाएं भी अपनी शिकायतें खुलकर उच्च अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगी।

### जीएसटी इंस्पेक्टर धीरज का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



एचडी स्कूल के पूर्व छात्र धीरज ने जीएसटी इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट, रजत फौगाट, प्राचार्या नमिता दास व उप प्राचार्य नवीन सनसनवाल ने बताया कि धीरज ने वर्ष 2013 में छठी कक्षा में प्रवेश लिया था व 2020 के बैच में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की था। धीरज के स्कूल पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा उसका स्वागत किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत ही ऐसी चीज है जिसके बल पर हम अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए हर रोज मेहनत करें, निरंतर की गई मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पहले दिन 6 से 8 घंटे नहीं पढ़ पाएंगे। आप अपनी शुरुआत रोज दो-तीन घंटे से करें फिर अपनी मेहनत को 6 से 8 घंटे तक लेकर जाएं। निरंतर मेहनत करने से सफलता अवश्य हासिल होगी।

### छारा कॉलेज में हुआ कंपीटिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्रचार्या डॉ अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में लोक प्रशासन विभाग की अध्यक्ष डॉ ललिता नेपंचायती राज दिवस के मौके पर एक इंटर कॉलेज क्विज कंपीटिशन का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु, निक्की और निकिता की टीम ने पाया। दूसरा स्थान हर्ष, अजय और सौरभ की टीम ने पाया। तीसरा स्थान चेतना, नीतू और अलीशा की टीम ने पाया। सभी विजेताओं को पुरस्कार राशि वितरित की गई। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने हिंदी भाषा का उद्भव एवं विकास विषय पर एक व्यख्यान आयोजित करवाया। इसमें विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के उद्भव और विकास के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ संजय देसवाल, देवेंद्र, डॉ अश्वनी कुमार, मोनिका, ज्योति, डॉ ललिता, मोहित व प्रवीन दलाल आदि मौजूद रहे।



विजेताओं को पुरस्कृत करती डॉ. ललिता व अन्य।

### 33,966 एमटी सरसों व एक लाख 83 हजार 379 एमटी गेहूं की आवक दर्ज

**झज्जर।** जिले की सभी अनाज मंडियों में सरसों एवं गेहूं की खरीद नियमानुसार सुचारू रूप से चल रही है। डीसी प्रदीप दहिया ने संबंधित अधिकारियों और खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि उपज खरीद के साथ-साथ उठान कार्य पूरा किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक जिले की मंडियों में 33 हजार 966 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है, जिसमें से 31 हजार 358 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। इनमें से 28 हजार 158 मीट्रिक टन सरसों का उठान कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा जिले में एक लाख 83 हजार 379 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है, जिनमें से करीब एक एक लाख 41 हजार 710 मीट्रिक टन की खरीद संपन्न हो चुकी है। अब तक 87 हजार 524 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य भी पूरा किया जा चुका है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

# छात्र नामांकन बढ़ाने को किया प्रेरित

■ पीएमश्री स्कूल में बतौर प्राचार्य व शिक्षक काम करना अपने आप में गर्व की बात : राजेश खन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। शिक्षकों की मीटिंग लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना। फोटो: हरिभूमि

वीरवार को जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना द्वारा क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने स्कूल पहुंच कर जहां नियमित ढंग से चल रही कक्षाओं का जायजा लिया वहीं स्कूल में सफाई व्यवस्था के प्रबंधों का भी अवलोकन किया। इसके उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी स्कूल के स्टॉफ सदस्यों की मीटिंग लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएमश्री स्कूल में बतौर प्राचार्य व शिक्षक काम करना अपने आप में गर्व की बात है। क्योंकि चुनिंदा स्कूल ही ऐसे हैं जिन्हें भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा छांटा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में पिछले वर्ष की छात्र संख्या जांची व इसके बाद इस नए सत्र में छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए सभी स्टाफ को प्रेरित किया।

उन्होंने प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों को 20 फीसदी छात्र संख्या बढ़ाने का लक्ष्य दिया।

### छात्रों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वीरवार को सड़क सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की टीम ने रामा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस दौरान निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि इन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को कम करने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक करना है। हमें यातायात के नियमों की पालना केवल चालान के डर से नहीं बल्कि एक सभ्य और जिम्मेवार नागरिक की हैसियत से करनी चाहिए। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में विद्यार्थियों को बताया कि आज का युग टेक्नोलॉजी का दौर है। इस दौर में सिर्फ जानकारी और सावधानी से ही बचा जा सकता है।

किसी को भी फोन पर अपने एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या बैंक से संबंधित कोई भी जानकारी ना दें।